# मेवाड़ विश्वविद्यालय में कौशल परीक्षा





गंगरार। स्कूल के छात्र मेवाड़ कॉलेज मे एवं विजेता को प्रंशसा-पत्र देते हुए अतिथि।

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय में युवाओं के प्रोत्साहन हेतु भीलवाड़ा एवं चित्तौड़गढ़ के तकरीबन 250 से अधिक विद्यार्थियों का एप्टीट्यूड टेस्ट (कौशल परीक्षा) का आयोजन शनिवार को स्वामी विवेकानन्द की जयन्ति के शुभ अवसर पर किया गया। इसमें 35 सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों में जाकर प्रथम स्तरीय एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन किया गया था जिसमें कक्षा 10 से 12 के 3000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रथम स्तरीय एप्टीट्यूड टेस्ट में क्वालीफाई होने वाले लगभग 250 से अधिक विद्यार्थियों ने मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित इस द्वितीय दौर के एप्टीट्यूड टेस्ट (कौशल परीक्षा) में भाग लिया। इस एप्टीट्यूड टेस्ट (कौशल परीक्षा) का आयोजन विद्यार्थियों में शिक्षा और संयम के साथ एक अच्छे चरित्र के निर्माण में सहायक ज्ञान, कौशल एवं उत्साह का वर्धन करने के उद्देश्य से किया गया। इस एप्टीट्यड टेस्ट में प्रथम स्थान पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अरनियापंथ के छात्र महावीर आमेटा, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेंथी, चित्तौड़गढ़ के विद्यार्थी संजय सिंह तथा अरविन्द रेगर रहे। साथ ही इस अवसर पर स्वामी विवेकानन्द के विचार विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों नें भाग लिया। महाराणा प्रताप सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह रखा गया जिसमें एप्टीट्यड टेस्ट एवं निबन्ध प्रतियोगिता में पृथक-पृथक रूप से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर बैग, टी शर्ट आदि वितरित किये गये। इस दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रयोगशालाओं कक्षा-कक्षों, खेल मैदानों आदि का भ्रमण किया। विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकगणों एवं अभिभावकों ने उच्च षिक्षा के विभिन्न पहलूओं को विस्तृत रूप से देखा और समझा तथा विष्वविद्यालय की षिक्षण व्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर की सराहना की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वाइस चान्सलर डॉ. बी.के. वैद्य, बीओएम सदस्य राधाकृष्ण गदिया उपस्थित थे।

Dainik Navajyoti 13-01-2020

# कौशल परीक्षा व निबंध स्पर्धा हुई

**गंगरार |** मेवाड़ विश्वविद्यालय में युवाओं के प्रोत्साहन के लिए विद्यार्थियों की कौशल परीक्षा का आयोजन शनिवार को किया गया। विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रथम स्तरीय कौशल परीक्षा में क्वालीफाई होने वाले 250 से अधिक विद्यार्थियों ने मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित इस द्वितीय दौर की परीक्षा में भाग लिया। इसके साथ ही 'स्वामी विवेकानंद के विचार' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता भी हुई। महाराणा प्रताप सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह दोपहर दो बजे रखा गया। मेवाड़ एज्युकेशन सोसायटी के अध्यक्ष गोविंदलाल गदिया ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में वाइस चांसलर डॉ. वीके वैद्य, बीओएम सदस्य राधाकृष्ण गदिया एवं सभी उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

Dainik Bhaskar 13-01-2020